आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :405 पृष्ठ -4 दिनांक 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार

# सपा को जमीन में गाड़ देगी जनता, अवशेष नहीं बचेगा

## महाकुंभ पर बयान के बीच अखिलेश पर भड़के संत

उत्तरप्रदेश प्रयागराज महाकुंभ को लेकर अलग–अलग राजनेताओं द्वारा तंज पर अब संत समिति ने नाराजगी जताई है. खासतौर पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और सपा सांसद अफजाल अंसारी द्वारा महाकुंभ को लेकर दिए गए बयान पर अब अखिल भारतीय संत समिति ने नाराजगी जताते हुए चेता. वनी दी है. उन्होंने कहा है कि हिंदू समाज जाग चुका है और ऐसी टिप्पणी बिल्कुल भी उचित नहीं है. आने वाले उत्तर प्रदेश के चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिल सकता है.अखिल भारतीय संत समिति की तरफ से राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने बयान जारी करते हुए कहा कि अफजाल अंसारी, अखिलेश यादव या फिर बिहार के पप्पू यादव, उन्हें यह बात समझ लेनी चाहिए कि हिंदू समाज अब जाग चुका है. महाकुंभ अथवा सनातन संस्कृति से जुड़े किसी भी प्रकार के आयोजन पर



कोई भी अमर्यादित टिप्पणी करना उचित नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि जब 50 करोड़ हिंदू 15 से 20 किलोमीटर तक पैदल यात्रा करते हुए इस महापर्व में उत्साह के साथ शामिल हो सकते हैं तो ऐसे नेताओं को लोकतंत्र के महापर्व में यह जनता मुंहतोड़ जवाब देने की भी क्षमता रखती है.अवशेष भी नहीं प्राप्त होगा– स्वामी जितेन्द्रानंद अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि 50 करोड़ लोगों की धारा को उन्हें समझना चाहिए. आने वाले उत्तर प्रदेश के चुनाव में यही जनता समा. जवादी पार्टी को जमीन में खोदकर गाड़ देगी, दल का अवशेष भी नहीं प्राप्त होगा. लोगों की भावनाओं को कभी भी आहत करने वाला नकारात्मक टिप्पणी इन नेताओं को नहीं करनी चाहिए.

## होली से पहले शराब पर 25 प्रतिशत डिस्काउंट, यूपी में दारू की पेटियां खरीदने लगे लोग

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शराब की दुकानों पर डिस्काउंट मिलने की वजह से शराब खरीदने वालों की लाइन लग गई. होली पर शराब महंगी न हो जाए, इसलिए लोग अभी से शराब खरीद कर स्टॉक कर रहे हैं. शराब की दुकानों पर लंबी–लंबी लाइनें लगी हैं और शराब के रेट में कमी होने की वजह से लोग पूरी–पूरी पेटियां खरीद रहे हैं. शराब के शौकीनों के चेहरों पर यहां मुस्कान देखी जा सकती है. रेटों में भारी छूट का बोर्ड लगते ही लगी भीड़दरअसल जिले में अंग्रेजी शराब के ठेके नए सिरे से होने हैं. इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. ऐसे में जिन दुकानदारों के पास ज्यादा स्टॉक है, वो रियायती दरों पर शराब बेचकर अपना स्टॉक क्लियर करने की कोशिशों में लगे हैं. शनिवार को सिविल लाइंस में डिप्टी गंज के पास अंग्रेजी शराब की एक दुकान पर जैसे ही दुकानदार ने शराब के रेटों में भारी छूट का बोर्ड लगाया तो देखते ही देखते वहां भीड़ उमड़ पड़ी. लोग पूरी की पूरी पेटियां खरीदकर ले जाने लगे, हालात ऐसे बन गए कि शराब की दुकान के बाहर लंबी लाइन लग गई और लोग शराब खरीद कर ले जाते मिले.नई आबकारी नीति 2025–26 को मिली मंजूरी बता दें कि हाल ही में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में नई आबक. ारी नीति 2025–26 को मंजूरी दी गई है. योगी सरकार ने नई आबकारी नीति के जरिए 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है. नई आबकारी नीति के तहत मॉल्स, मल्टीप्लेक्स एरिया में प्रीमियम ब्रांड की दुकानें को इजाजत नहीं दी जाएगी. वहीं अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानें लॉटरी सिस्टम से मिलेंगी और कंपोजिट दुकानों को भी लाइसेंस जारी किया जाएगा. जिसमें देशी, विदेशी, बीयर और वाइन एक जगह पर मिल सकेंगी.

## महाकुंभ जाना है, कुछ भी हो संगम नहाना है, रेलवे स्टेशन पर भीड़ देख सहम जाएंगे

महाकुंभ जाने का जोश लोगों में इतना सवार है कि लोग अपनी जान की बाजी तक लगा दे रहे हैं। ट्रेन में भूंसे की तरह से लदकर कैसे भी प्रयागराज जाने के लिए आतुर हैं। क्या प्लेटफॉर्म, क्या ट्रेन का गेट... महाकुंभ जाने और संगम स्नान के लिए लोग ट्रेनों की अपात्क. ालीन खिड़कियों तक से अंदर चढ़ रहे हैं।कोई ट्रेन के बाथरूम में सफर कर रहा है तो कोई सीट के नीचे बैठ कर सफर कर रहा है। ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से प्लेटफार्म पर अफरातफरी का माहौल है। बताया जा रहा कि ट्रेनों के लेट होने से भीड़ बढ़ जाती है। वहीं कई ट्रेनें कैंसल तक हो जा रही है। गराज महाकुंभ जाने वाले ट्रेन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## पत्नी बंद कमरे में प्रेमी संग कर रही थी इलू–इलू, 4 बच्चों को भी छोड़कर चली गई

बदायूं : यूपी के मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला का प्रेम प्रसंग उस वक्त सबके सामने आ गया जब उसका पति खेत से लौटकर अचानक घर पहुंच गया। उसने अपनी पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया और तुरंत कमरे को बाहर से बंद कर पुलिस को बुला लिया।जानकारी के मुताबिक, महिला की अलापुर थाना क्षेत्र के एक युवक से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। धीरे–धीरे दोनों की बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गए। चोरी–छिपे मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। महिला चार बच्चों की मां है, लेकिन इसके बावजूद उसने अपने प्रेमी को पति की गैरमौजूदगी में घर बुला लिया।घटना की रात महिला का पति खेत पर सिंचाई करने गया था। इसी दौरान महिला ने प्रेमी को घर बुला लिया। दोनों एक कमरे में चले गए और दरवाजा बंद कर लिया। आधी रात जब पति लौटा, तो उसे कमरे के अंदर से कुछ आवाजें सुनाई दीं। शक होने पर उसने खिड़की से झांककर देखा, तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गया।गुस्से में पति ने कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी और तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने की वजह से पुलिस ने दोनों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।थाने में कार्रवाई के बाद अगले ही दिन दोनों को जमानत मिल गई। लेकिन इसके बाद महिला ने ऐसा कदम उठाया जिसने सबको चौंका दिया। महिला अपने चार बच्चों और पति को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। अब पति अकेले अपने बच्चों की देखभाल कर रहा है।इस पूरे मामले पर मूसाझाग थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पति की शिकायत पर महिला और उसके प्रेमी को हिरासत में लिया गया था। उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई थी।

## पूर्व BJP विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन की जेल में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में कराया गया भर्ती

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रोशनाबाद जेल में बंद पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन की शनिवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है. सूत्रों के अनुसार, चौंपियन को दस्त की शिकायत थी, जिसका इलाज जेल में किया गया, लेकिन जब आराम नहीं मिला तो उन्हें अस्पताल ले जाया गया. वहीं, उनकी हृदय संबंधी समस्या भी सामने आई है, जिसके चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी की गई.पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन 27 जनवरी से हरिद्वार की रोशनाबाद जेल में बंद हैं. 26 जनवरी को खानपुर विधायक उमेश कुमार के कार्यालय में हुई फायरिंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया था. कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी थी, जिसके बाद से वे जेल में थे. पूर्व विधायक के जेल में रहते हुए स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ गईं, जिससे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. इससे पहले भी कई बार जेल में बंद नेताओं और प्रभावशाली लोगों की तबीयत बिगड़ने की खबरें सामने आती रही हैं.पूर्व विधायक को अस्पताल ले जाने के बाद जिला



अस्पताल परिसर में पुलिस की सुरक्षा कड़ी कर दी गई. पूरे अस्पताल कैंपस में पुलिसकर्मियों की तैनाती रही और किसी को भी वार्ड के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई. चौंपियन की पत्नी रानी देवयानी और उनका बेटा प्राइवेट वार्ड के बाहर बैठे रहे. इस दौरान मीडिया कर्मियों ने जब अस्पताल में घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया. यहां तक कि कुछ स्वास्थ्य कर्मियों को भी गेट के अंदर जाने से रोक दिया गया. पूर्व विधायक के अस्पताल में भर्ती होने की खबर फैलते ही मीडिया के कई प्रतिनिधि वहां पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें अस्पताल के गेट के अंदर घुसने नहीं दिया.डॉक्टरों के मुताबिक, पूर्व विधायक को दस्त और हृदय स 'बंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया है. देर रात तक उनकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी की जा रही थी. हालांकि, इस बारे में अंतिम निर्णय डॉक्टरों की टीम द्वारा लिया जाएगा. पूर्व विधायक चौंपियन और खानपुर विधायक उमेश कुमार के बीच बीते दिनों विवाद हुआ था. 26 जनवरी को उमेश कुमार के कार्यालय में फायरिंग की घटना हुई, जिसमें कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन का नाम सामने आया. पुलिस ने इस मामले में चौंपियन को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट के आदेश पर उन्हें रोशनाबाद जेल भेज दिया गया.

## मुर्दों का बीमा करा रकम हड़पने वाले गैंग का खुलासा, पुलिस ने आशा वर्कर समेत 6 लोग किए गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस ने बीमा माफिया गैंग के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह गैंग मुर्दों का बीमा करा कर क्लेम हड़प जाता था और सरकारी योजनाओं का बीमा भी फजी. 'वाड़ा कर हड़प जाते थे. इस गैंग में आशा वर्कर से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त छात्र भी शामिल हैं. पुलिस ने गिरफ्तार किए गये आरोपियों के कब्जे से 81 पास. बुक, 16 चेक बुक, 35 डेबिट कार्ड, 25 आधार कार्ड, 31 मृत्यु प्रमाण पत्र, 17 पॉलिसी बांड, सिम और बैंकों की मुहरें बरामद की हैं. पुलिस के मुताबिक ये शातिर गैंग ग्रामीण इलाकों में आशा वर्करों के माध्यम से बीमार लोगो को ढूंड कर उनका बीमा कराता था और उनके नाम से आई बीमे की रकम हड़प जाता था.इतना ही नहीं ये गैंग मरे हुए लोगों का फर्जी तरीके से बीमा करा कर क्लेम की रकम हड़प जाता था. फाइनेंस कंपनियों से लेकर अस्पताल और बैंको तक में फर्जीवाड़े के जरिए ये बीमे की रकम निकाल लेते थे जिन लोगों के नाम से ये पैसा हड़प लेते थे उन्हें भनक भी नहीं लग पाती थी. सीधे–साधे लोगों की आईडी पर ये बीमा करा लेते और उनकी आईडी से ये मोबाइल सिम लेकर उनके नाम की बीमे की रकम उस मोबाइल से नेट बैंकिंग के जरिये अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते थे.

सरकारी योजनाओं में भी किया फजी. 'वाड़ासंभल के राजपुरा थाना पुलिस ने बीमे का फर्जीवाड़ा करने वाले गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के साथ–साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तक में फर्जीवाड़ा किया है. इनमें भी मृतकों के बीमा कर दो लाख दो लाख रुपये क्लेम के हड़प जाते थे. मृतक को दोबारा मृत दर्शाकर उसके नाम पर कई बीमा कंपनियों से भी क्लेम लिया जाता था.बीमा क्लेम हड़पने वालों का है अंतरराज्यीय गिरोह पुलिस ने शाहरुख, प्रेम पाल, हरेन्द्र, संजू और नीलम को गिरफ्तार किया है, नीलम आशा वर्कर है. पुलिस के मुताबिक बड़ी संख्या में आधार कार्ड, पासबुक, एटीएम कार्ड और पैन कार्ड इनके पास से मिले हैं. संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि फर्जी तरीके से बीमा क्लेम हड़पने वालों का यह अंतरराज्यीय गिरोह हैं. जिसके 6 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह गिरोह मरे हुए लोगों के नाम पर भी बीमा करा कर रकम हड़प जाता था और च्डल्श्रश्र योजना के भी 2–2 लाख के बीमे ये लोग हड़प जाते थे.श्मशान घाट से बनवाते थे फर्जी रसीदइस काम में नीलम नाम की एक आशा वर्कर भी शामिल थी, जो गाँव में कौन व्यक्ति बीमार है उसकी जानकारी इस गैंग को देती थी. ये गैंग उसके नाम से बीमा करा कर उसके नॉमिनी की आई डी से सिम लेते थे और उस पर ओटीपी खुद लेते थे और व्यक्ति के मरने के बाद रकम निकाल लेते थे. इसके अलावा यह गैंग मर चुके लोगों को फर्जी तरीके से बीमा करा कर फिर उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती दिखा कर वहां से उसके मरने का दोबारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लेते थे और श्मशान घाट से भी उसकी रसीद बनवा लेते थे. फिर क्लेम कर रकम हड़प जाते थे. पुलिस अब इस गैंग में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है.

## मायावती ने 4 दिन के भीतर 3 फैसलों से पूरी बसपा को कर दिया बेचैन

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के 3 फैसलों ने पूरी पार्टी को बेचौन कर दिया है और इस पर कोई कुछ बोलने को राजी नहीं है. पार्टी के तमाम नेता फिलहाल मायावती के फैसलों को लेकर भविष्य की चर्चाएं कर रहे हैं. 4 दिन के भीतर बसपा चीफ ने तीसरा बड़ा ऐलान किया है. न सिर्फ बसपा बल्कि यूपी की सियासत में मायावती ने रविवार, 16 फरवरी को अपने फैसले से हलचल मचा दी. अभी तक जिस मुद्दे को बसपा के भीतर निर्विवाद माना जा रहा था अब उसी पर फिर मायावती ने मंथन के संकेत दे दिए हैं.साल 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि मायावती के भतीजे आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे. फिर साल 2024 के चुनाव से पहले साल 2023 में मायावती ने उन्हें पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर पद पर नियुक्त किया. इसके बाद साल 2024 के चुनाव के दौरान ही पद से हटा दिया और कहा कि वह अभी मेच्योर नहीं हैं.मायावती ने लोकसभा चुनाव खत्म होने के कुछ दिनों बाद ही आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर पर पदासीन कर दिया. इसके बाद दिल्ली, हरियाणा चुनाव की जिम्मेदारी भी दी लेकिन नतीजे सिफर रहे. अब मायावती ने अपने फैसलों से कुछ और ही संकेत दे दिए हैं. इन फैसलों की शुरुआत हुई 12 फरवरी से. 12 फरवरी को मायावती ने क्या किया? दरअसल 12 फरवरी, बुधवार को बसपा चीफ ने अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया. उन पर पार्टी में गुटबाजी का आरोप लगा. इसी दिन बसपा चीफ ने नितिन सिंह को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया. नितिन सिंह के बारे में दावा है कि वह अशोक सिद्धार्थ के करीबी हैं.वहीं अशोक सिद्धार्थ के बारे में कहा जाता है कि वह मायावती की राजनीति से प्रभावित हुए और नौकरी छोड़ दी फिर बसपा में शामिल हो गए. पार्टी ने उन्हें यूपी विधान परिषद् में भेजा और फिर वह साल 2022 तक राज्यसभा सांसद भी रहे. उनकी पत्नी बसपा सरकार में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष भी थीं.16 फरवरी के ऐलान ने फोड़ा असली बम?अब 16 फरवरी को बसपा चीफ ने अपने उत्तराधिकार को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया. अब तक माना जा रहा था कि बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे. हालांकि रविवार को बसपा चीफ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर सिलसिलेवार पांच पोस्ट किए. इनका कुल जमा अर्थ यह निकाला जा रहा है कि आकाश आनंद को लेकर भी बहन जी आश्वस्त नहीं हैं.

# एफसीआई के गोदाम में रखे 5 हजार मीट्रिक टन गेहूं में पड़ गए कीड़े

कासिमपुर गोदाम पर रखे गेहूं में तो कीड़े पड़ गए हैं। फटे बोरों से गेहूं निकलकर बिखर गया है। 15 फरवरी को चार विभागों के 12 अफसरों की टीम जब कासिमपुर फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के गोदाम पर पहुंची तो गेहूं में कीड़े रेंगते मिले। गोदाम पर करीब दो घंटे तक रहे अफसरों ने अनुमान लगाया है कि यहां रखे 15 हजार मीट्रिक टन गेहूं में से करीब पांच हजार मीट्रिक टन गेहूं खराब हो गया है। अब इसका वितरण नहीं होगा। इस गेहूं के प्रयोग पर रोक लगा दी गई है।अलीगढ़ में 5 फरवरी से 10 फरवरी के बीच राशन की 135 दुकानों से घुन लग गेहूं कार्ड धारकों को बांट दिया गया था। जब शिकायतें हुईं तो तत्काल वितरण पर रोक लगा दी गई। यह गेहूं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कार्ड धारकों को बांटने के लिए हरियाणा और पंजाब से आया था। हल्ला मचने पर इस गेहूं को राशन डीलरों से वापस। वहीं डीएम संजीव रंजन ने खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, जिला विपणन विभाग और एफसीआई के 12 अफसरों की एक टीम जांच के लिए बनाई। 15 फरवरी को यह टीम गेहूं की जांच करने के लिए गोदाम पर पहुंची। यहां पांच हॉल में गेहूं की बोरियां रखीं हैं। अफसरों ने हर हॉल में जाकर गेहूं को चेक किया। गेहूं की बोरियों पर कीड़े चल रहे थे। कुछ बोरियों को खोलकर देखा गया तो उनमें कीड़े ही कीड़े दिखे। गेहूं में से दुर्गंध भी आ रही थी। अफसर अपनी जांच रिपोर्ट सोमवार को डीएम को सौंपेंगे।कासिमपुर गोदाम पर कीड़े लगा हुआ गेहूं मिला है। एफसीआई के गोदाम से यह गेहूं राशन की दुकानों को सप्लाई किया गया था। यह गेहूं काफी पुराना माना जा रहा है। जबकि जो नया गेहूं आया था उसका स्टॉक कर लिया है। जो पुराना गेहूं है उसके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।–राजीव कुलश्रेष्ठ, जिला खाद्यविपणन अधिकारी  घुन लगे हुए गेहूं की राशन दुकानों को आपूर्ति किए जाने के मामले में जांच टीम अपना काम कर रही है। सोमवार को टीम अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। इसके बाद तय किया जाएगा कि इसके वितरण के लिए जिम्मेदार कौन है। एफसीआई ही गेहूं की आपूर्ति करता है। किसी भी कीमत पर अब गोदाम में मौजूद गेहूं नहीं बंटने दिया जाएगा। –संजीव रंजन, जिलाधिकारी फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के गोदामों में राशन वितरण के लिए रखे गेहूं के रखरखाव में बदहाली सामने आ रही है। 15 फरवरी को सूतमिल स्थित एफसीआई के गोदाम पर पाया गया कि हॉल में घुसकर बंदर बोरों को फाड़कर गेहूं खा रहे हैं।सूतमिल स्थित एफसीआई गोदाम की क्षमता 30 हजार मीट्रिक टन है। यहां पर 6 हॉल में गेहूं का भंडारण किया जाता है। यहां पर शनिवार को पाया गया कि पूरे परिसर में बंदरों का आतंक है। बंदर बिना रोकटोक अंदर घुसकर गेहूं तक पहुंच जाते हैं और बोरों को नुकसान पहुंचाते हैं। ला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ कहते हैं कि एफसीआई के रखरखाव में ही कमी पाई जा रही है। जांच टीम ने गोदाम पर दो फूड इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई है। इसके साथ ही प्रकाश में आया है कि एफसीआई ने गेहूं का रखरखाव ठीक से नहीं किया। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ कहते हैं कि हरियाणा और पंजाब से गेहूं के आने के बाद उसे गोदाम तक लाने और राशन ठेकेदारों तक पहुंचने के दौरान गुणवत्ता जांच का काम भी एफसीआई का है। यहीं पर ला. परवाही हुई है।

## अलीगढः युवक की हत्या के आरोप में 3 महिला समेत 11 लोगों को उम्रकैद की सजा, कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में लाठी डंडों से पीट पीटकर युवक की हत्या करने वाले आरोपियो कोर्ट ने दोषी मानते हुए 3 महिलाओं समेत 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 2019 में युवक की हत्या के बाद उसके पिता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में गहनता से जांच कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले का कोर्ट में ट्रायल चल रहा था, जिसमें कोर्ट ने हत्या के मामले में सभी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास को सजा सुनाई, साथ ही अर्थदंड लगाया हैअलीगढ़ जिले के थाना खैर क्षेत्र में 2019 में एक युवक की पीटकर कुछ लोगों ने हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में एडीजे–6 नवल किशोर सिंह की कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। पुलिस की ओर से पेश किए गए साक्ष्य और गवाहों की गवाही के आधार पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी माना है और उन्हें सजा सुनाई है। आजीवन कारावास की सजा के साथ ही सभी दोषियों को कोर्ट ने 35–35 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है, जो उन्हें अदा करना होगा।फसल की रखवाली करते वक्त हमलाएडीजीसी अधिवक्ता जेपी राजपूत ने हत्या की घटना को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून 2019 को मृतक केपिता हरपाल सिंह पुत्र छोटे लाल ने खैर थाने में मुक. दमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि 28 जून 2019 को दोपहर लगभग एक बजे उनका बेटा लाखन खेत में गया था। वादी का बेटा खेत में अपनी ज्वार की फसल की रखवाली पशुओं से कर रहा था, तभी सभी दोषी वहां पर आ गए और गाली–गलौज शुरू कर दिया। जब मृतक ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ एक राय होकर लाठी डंडों और लोहे की सरिया से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी।इनको मिली सजाइस हत्या के मुकदमे में मृतक के पिता ने अपने बेटे की हत्या के आरोप में गांव के ही देवेंद्र, रवेंद्र, राजेंद्र,रामदत्त, गीता, लता,शकुंतला, आ.`मवीर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस की जांच में पूनम सिंह,अतुल,और महेंद्र का नाम भी सामने आया था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर थी और लगातार मामले की सुनवाई चल रही थी। इन सभी को शनिवार को



आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।एडीजीसी जेपी राजपूत ने बताया कि मुकदमे में दो पार्ट में चार्जशीट आई। एक में 2020 व दूसरे में 2021 में आरोप तय हुए। फिर दोनों पत्रावली एक हुईं। कुल 9 गवाह कराए गए। जिनमें वादी, मृतक की भाभी, एक अन्य महिला, दो चिकित्सक, एसआई, दो विवेचक एसएचओ, मुकदमा लेखक शामिल रहे। भाभी की गवाही में मृतक लाखन की दोस्ती आरोपियों के परिवार की बेटी से उजागर हुई। उसने अपनी गवाही में अदालत में बताया कि युवती का परिवार इस दोस्ती के विरोध में था। उन्हें कुछ अलग अंदेशा था। इसी के चलते खेत पर अकेला पाकर घेरकर हत्या की गई। अदालत ने इसी रंजिश को हत्या का कारण माना है।दीवानी में रही कड़ी सुरक्षा, हटाई गई भीड़
15 फरवरी को लंच बाद पत्रावली पेश की गई। सभी आरोपी अदालत में हाजिर थे। तीन बजे के बाद सुनवाई करते हुए अदालत ने सभी को अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया। इसके बाद अचानक से पुलिस की सक्रियता बढ़ गई। खबर पर दीवानी सुरक्षा दल व पुलिस अदालत के बाहर पहुंच गई। वहां लगी भीड़ को इधर–उधर किया गया। सजा सुनाए जाने बाद सभी को सुरक्षा के बीच दीवानी हवालात व जेल पहुंचाया गया। जेल में सभी को निगरानी में रखा गया है।

## हाथरस के जिला अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ योजना के अंतर्गत 50 बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण

हाथरस के जिला अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ योजना के अंतर्गत 50 बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण हो रहा है। 17 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे इस सेंटर का निर्माण यूपीसिडको कर रहा है। यूपीसिडको के चेयरमैन वाईपी सिंह ने आज शाम निर्माणाधीन सेंटर का दौरा किया।उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी–मोटी खामियां पाई गईं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और काम समयबद्ध तरीके से पूरा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी समय पुनः निरीक्षण के लिए आ सकते हैं।इस अवसर पर सांसद अनूप प्रधान, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाथरस के मुरसान क्षेत्र स्थित कंचना गांव में जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण कर चुका



हाथरस के मुरसान क्षेत्र स्थित कंचना गांव में जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। गांव की गलियों और मोहल्लों में जमा गंदा पानी लोगों के जीवन को दूभर बना रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नालियों में जमा कीचड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्था के कारण स्थिति दिन–प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।गंभीर लापरवाही का आलम यह है कि सफाई कर्मचारी महीने में मात्र एक या दो बार ही गांव में सफाई करने आते हैं। इस कारण न केवल आम नागरिक परेशान हैं, बल्कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा भी जोखिम में है। कई बच्चे जलभराव वाले क्षेत्रों में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। विशेषकर रात्रि के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग जलभराव के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन प्रशासन की उद.ासीनता के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से स्थिति यथावत बनी हुई है।ग्राम प्रधान हीरेंद्र सिंह का कहना है कि गांव में पोखर से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आश्वासन पहले भी दिए जा चुके हैं, लेकिन धरातल पर कोई बदलाव नहीं आया है।

**रफ्तार नाइट में हंगामा, पुलिस ने लाठी फटकारी भीड़ बेकाबू हुई, लड़कों ने कुर्सियां फेंकीय एक बच्चा चोटिल हुआ**

**युवक से मारपीट करने वाली पत्नी पर FIR:शादी के बाद युवक से की थी 12 लाख की मांग, ससुरालियों ने भी की थी मारपीट**

## खेरेश्वर चौराहे पर 24 घंटे पुलिस, वहां .एटीएम ब्लॉक कर निकाले 66 हजार

अलीगढ़ के जिस खेरेश्वर चौराहे पर 24 घंटे पुलिस रहती है। उस चौराहे पर रात में इंडिया एटीएम से बदमाश 66 हजार रुपये पार कर ले गए। ये वारदात एटीएम को ब्लॉक कर की है। साथ में एटीएम के पिछले हिस्से में तोडफोड़ भी की। 15 फरवरी को मिली खबर पर पुलिस ने जांच शुरू करा दी है। सीसीटीवी में दो युवक कैद भी पाए गए हैं खेरेश्वर चौराहे पर इंडिया वन का एटीएम लगा हुआ है। 14 फरवरी की रात किसी ने मशीन के कैश विड्रोल प्लेट्स के पीछे गत्ता लगाकर उसे ब्लॉक कर दिया। इससे ग्राहकों के रुपये बाहर न आए। रुपये ब्लॉक एरिया में फंस गए। 15 फरवरी को जब कर्मचारी कैश डालने पहुंचे तो मशीन टूटी देख दंग रह गए। सूचना देकर पुलिस बुला ली। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक के अनुसार मामले में आरोपियों की तलाश कराई जा रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बस ने कार में मारी टक्कर, महाकुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत

अलीगढ़ में थाना टप्पल के यमुना एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के निकट एक अज्ञात बस ने कार को टक्कर मार दी। जिससे महिला समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दो की हालत नाजुक है। कार में सवार जम्मू–कश्मीर के श्रद्धालु प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे।जम्मू–कश्मीर के पांच श्रद्धालु एक एवेन्यू कार में सवार होकर प्रयागराज के महाकुंभ स्नान के लिए गए थे। आज दोपहर 1.30 प्रयागराज से लौटते समय एक अज्ञात बस ने यमुना एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के निकट एवेन्यू कार में टक्कर मार दी। टक्कर से महिला समेत कार में सवार तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी दो घायल हो गए, जिन्हें जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पदम पुत्र सतगुरु  प्रकाश उम्र 67 निवासी मकान नंबर 70 सेक्टर 14 नानक नगर जम्मू गांधीनगरयुद्धवीर पुत्र रामचंद्र गुप्ता उम्र 50 वर्ष निवासी मकान नंबर 35 सेक्टर 1 वार्ड नंबर 53 त्रिकुटा नगर जम्मू सविता पत्नी बी आर शर्मा उम्र 65 वर्ष निवासी मकान नंबर 31 सेक्टर 2 एक्स्ट्रा त्रिकुटा जम्मू बी आर शर्मा पुत्र एमएल शर्मा उम्र 71 वर्ष निवासी हाउस नंबर 31 सेक्टर 2 एक्स्ट्रा त्रिकुटारितु गुप्ता पत्नी युद्धवीर कुमार उम्र 48 वर्ष निवासी हाउस नंबर 35 सेक्टर 1 वार्ड नंबर 53 त्रिकुटा नगर जम्मू

## सेंटिलेट प्ले वे स्कूल मानसरोवर कॉलोनी का वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न




अलीगढ़। सिन्टीलेट प्ले वे स्कूल मानसरोवर कालोनी, अलीगढ़ का वार्षिकोत्सव वर्ष 2024–25 सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर श्री प्रशान्त सिंघल जी ने मी सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा कई मनोहारी गीत संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये गये जिसमें कब्बाली ष्भारत देश महानष् तथा सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग होने वाली विकृतियों के दुष्परिणामों की उजागर किया। भारत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विभूतियों का नाट्य रूपांतरण किया गया। मेयर  द्वारा बच्चों द्वारा की गई प्रस्तुति की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई तथा शिक्षिकाओं एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी के अथक प्रयासों की सराहना की। श्रीमती शशि शर्मा प्रबन्धक द्वारा स्कूल की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री हरीश सैनी पार्षद द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे



# हाथरस में रूपयों के लेनदेन को लेकर एक गर्भवती महिला और उसके पति पर हमला किया

हाथरस में रुपयों के लेनदेन को लेकर एक गर्भवती महिला और उसके पति पर हमला किया गया। चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव गुमानपुर में हुई इस घटना में आरोपियों ने घर में घुसकर दंपती पर हमला किया।पीड़ित संजू कुमार का गांव के कुछ लोगों से पैसों का लेनदेन का विवाद चल रहा था। हमलावरों ने संजू कुमार पर पेचकस से हमला कर दिया। जब उनकी गर्भवती पत्नी बचाने आई, तो उस पर भी हमला कर दिया गया। आरोपियों ने महिला के पेट में लात मारी, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो



गई। मौके पर शोरगुल मच गया। इनके अन्य परिवार के लोग भी वहां आ गए। हमले में गंभीर रूप से घायल दोनों पति–पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एटा जिले में कुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने जा रहे श्रद्धालुओं के साथ एक घटना सामने आई

एटा जिले में कुंभ मेले में आस्था की डुबकी लगाने जा रहे श्रद्धालुओं के साथ एक घटना सामने आई है। उमेश गुप्ता एंड संस की प्राइवेट बस के ड्राइवर ने दर्जनों यात्रियों को बीच रास्ते में छोड़कर बस लेकर फरार हो गया।घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के डाक बंगलिया स्थित बस स्टैंड की है, जहां ढोलना कासगंज से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं के साथ यह घटना हुई। राष्ट्रीय किसान यूनियन के अध्यक्ष दीपक शर्मा के अनुसार, बस में महिलाएं और बच्चे भी सवार थे।एक महिला श्रद्धालु बेबी ने बताया कि ड्राइवर ने पहले दो घंटे तक बस को पेट्रोल पंप पर खड़ा रखा और फिर अचानक लाइटें बुझाकर सभी यात्रियों को उतारकर बस लेकर फरार हो गया। श्रद्धालुओं ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने मामले को सुलझाने की बजाय बस मालिक और ड्राइवर को बचाने का प्रयास किया।परेशान श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है और मांग की है कि या तो उन्हें कुंभ नगरी पहुंचाया जाए या फिर उनके घरों तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। रात भर श्रद्धालु घर वापसी के लिए परेशान रहे और इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

# हाथरस की लेबर कॉलोनी स्थित परशुराम पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ RSS का शतोत्कर्ष एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया



हाथरस की लेबर कॉलोनी स्थित परशुराम पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ RSS का शतोत्कर्ष एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ।क्षेत्र कार्यवाह डॉ. प्रमोद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन के माध्यम से समाज जागरण का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संघ की शाखाओं में व्यक्ति निर्माण का कार्य होता है और संघ के कार्यों को विश्व स्तर पर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संघ का स्वयंसेवक सनातन संस्कृति, समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीता है।कार्यक्रम में विभाग प्रचारक गो. विंद, जिला प्रचारक रवि, नगर प्रचारक शिवम सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा, डॉ पीपी सिंह, आशीष सेंगर, अखिलेश अग्रवाल, स्वदेशी जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अजय राघव और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक जितेन्द्र सोनी ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति भी दी।

# हाथरस में यूपीसिडको के चेयरमैन वाईपी सिंह ने केंद्रीय बजट 2024 को देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया

हाथरस में यूपीसिडको के चेयरमैन वाईपी सिंह ने केंद्रीय बजट 2024 को देश की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सिंह ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास पर केंद्रित है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, पिछड़े वर्ग और मध्यम वर्ग सभी को ध्यान में रखा गया है।उन्होंने वित्त मंत्री द्वारा की गई घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करने का निर्णय आम जनता को बड़ी राहत देगा।चेयरमैन ने देश की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए बताया कि 2014 में भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, जो अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।बजट में अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, हर घर जल योजना और तकनीकी शिक्षा के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, हाथरस सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, सिकंद्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव आर्य, रामकुमार माहेश्वरी, हरीश सेंगर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# हाथरस में स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़

हाथरस में स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। उपजिलाधिकारी सदर नीरज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया।अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर, कोतवाली नगर, हाथरस गेट, महिला थाना और हाथरस जंक्शन के प्रभारी निरीक्षक शामिल रहे। जीआरपी और आरपीएफ की टीमें भी मौके पर तैनात रहीं। अधिकारियों ने संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की जांच की साथ ही यात्रियों से बातचीत कर उनकी सुरक्षा का जायजा लिया।प्रशासन ने यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। उन्हें ट्रेन के रुकने तक पीली पट्टी से पीछे खड़े रहने और उतरने वाले यात्रियों को पहले जगह देने की सलाह दी गई। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर लगे पीए सिस्टम के जरिए लगातार यात्रियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जा रही है। हाथरस जंक्शन के थाना प्रभारी ने आरपीएफ टीम के साथ स्टेशन पर विशेष निगरानी की।

# जानलेवा हमले–लूट के प्रयास में दो को 10 वर्ष का कारावास, अर्थदंड भी लगाया

हाथरस के अपर सत्र न्यायाधीशध्एफटीसी प्रथम माधवी सिंह के न्यायालय ने जानलेवा हमला और लूट का प्रयास करने के दो आरोपियों को 10–10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। थाना सासनी में मुकदमा दर्ज कराते हुए निसार अब्बास ने कहा था कि उनके रिश्तेदार अली मोहम्मद निवासी कोरना थाना मुरसान 18 मई 2016 को अपना ई–रिक्शा लेकर इगलास अड्डे पर खड़े थे। शाम के समय दो अज्ञात व्यक्ति आए और कहा कि हमें सासनी जाकर सामान लेकर वापस आना है। इन लोगों ने अली मोहम्मद से किराया तय किया। इसके बाद यह लोग उनके ई–रिक्शा में बैठ गए। यह लोग उन्हें सासनी से आगे नगला घना तक ले गए।इन लोगों ने अली मोहम्मद से और आगे चलने के लिए कहा तो अली मोहम्मद ने मना कर दिया। इन दोनों ने अली मोहम्मद को तमंचे से गोली मार दी और उनका ई–रिक्शा छीनने का प्रयास किया। इसी बीच शोर मचाने और पुलिस के आने पर यह लोग ई–रिक्शा छोड़कर वहां से भाग गए। घायल का इलाज अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में हुआ। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपी गजेंद्र निवासी कृष्णनगर बरौला बाईपास थाना बन्ना देवी जिला अलीगढ़ व प्रदीप निवासी ज्ञानगढ़ बगीची इगलास अड्डा के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल कर दिया। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीशध्एफटीसी प्रथम माधवी सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10–10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

# हाथरस के सासनी में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 175 मरीजों का निशुल्क इलाज



हाथरस के सासनी में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 175 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। इस दौरान सबसे ज्यादा खांसी–सर्दी और बुखार के मरीज देखने को मिल. े।पीएचसी टिकारी में डॉ. अनंत ने 67 मरीजों का उपचार किया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं, इसलिए मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने की आवश्यकता नहीं है। यहां सबसे ज्यादा खांसी–सर्दी के मरीज आए, जबकि 20 मरीज बुखार से पीड़ित थे।पीएचसी कौमरी में डॉ. आनंद माहौर ने 66 मरीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से 22 मरीजों को खांसी की शिकायत थी, जिनकी बलगम और रक्त की जांच के बाद दवाएं दी गईं। यहां 14 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर में डॉ. नीलम ने 42 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाएं वितरित कीं। इस तरह तीनों केंद्रों पर मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

# नौ सेकेंड में सराफ से 10 लाख के जेवरात की लूट, रिपोर्ट दर्ज, इंचार्ज लाइन हाजिर

सादाबाद के हाथरस रोड पर 14 फरवरी शाम हुई सराफ से एक्टिवा स्कूटर और 10 लाख रुपये कीमत के सोने –चांदी के जेवरात की लूट की घटना में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना से आक्रोशित सराफा कारोबारी थाने पहुंचे और घटना पर रोष जताया। इन्होंने इसके खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इधर, एसपी ने सादाबाद के कस्बा इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है।सराफा कारोबारी मनोज कुमार वर्मा निवासी रामनगर मुरसान रोड सादाबाद की तहरीर दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसमें कहा गया है कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह निरंजन बाजार स्थित अपनी दुकान को बंद कर बेटे हर्ष के साथ काले रंग की एक्टिवा स्कूटर से घर जा रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने हर्ष की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंक दिया।वह स्कूटी से गिर गए और बदमाश स्कूटी और सोने चांदी के जेव. रात से भरा थैला लूटकर फरार हो गए। सराफ का कहना है कि करीब नौ लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात थे, लगभग सौ ग्राम सोने और 50 ग्राम चांदी के जेवरात बताए जा रहे हैं। सराफ ने बताय कि सही स्थिति दुकान पर जाकर मिलान करने के बाद पता चलेगी। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है।शनिवार की सुबह सराफा कारोबारी पीड़ित के साथ कोतवाली पर पहुंच गए। इन कारोबारियों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए और रिपोर्ट दर्ज कर घटना का अतिशीघ्र खुलासा करने और स्कूटी व गहनों की बरामदगी करने की मांग की। सीओ ने इन्हें शीघ्र घटना के खुलासे का भरोसा दिया और बताया कि पुलिस बदमाशों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इन घटनाओं के मद्देनजर एसपी ने सादाबाद कस्बा के इंचार्ज सत्यवीर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी के पीआरओ ने बताया कि अब उनके स्थान पर उपनिरीक्षक रामनरेश ने कार्यभार संभाला है।सादाबाद कोतवाली पुलिस ने मामले की तह तक जाने के लिए शनिवार को पीड़ित सराफा कारोबारी के पड़ोसी दुकानदारों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए। दुकान के आसपास होने वाली गतिविधियों व वीडियो में दिखाई दे रहे बदमाशों के बारे में पूछताछ की गई है।बदमाशों ने सराफ से लूटपाट की घटना को महज नौ सेकेंड में अंजाम दिया। इस दौरान वहां काफी लोग जमा थे, लेकिन सब तमाशबीन बने रहे, जब तक वह समझ पाते बदमाश फरार हो गए। घटना स्थल के पास लगेसीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसमें दिख रहा है कि मनोज कुमार वर्मा अपने पुत्र हर्ष के साथ स्कूटी से करबन नदी के पुल के नजदीक स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने पहुंचे और सड़क पार करने की कोशिश कर ही रहे थे, तभी वहां से पहले से पटरियों पर बैठा एक बदमाश उठकर स्कूटी की तरफ आगे बढ़ा,सामने से भी दो युवक आए। स्कूटी पर सवार हर्ष की आंखों में मिर्च का पाउडर मारा और पीछे वाले ने स्कूटी गिराई और थैला छीन लिया। स्कूटी लेकर एक लुटेरा अलग दिशा में और दो लुटेरे अलग दिशा में भाग गए। माना जा रहा है कि किसी ने फोन पर सराफ और उसके बेटे के दुकान बंद कर निकलने ।सादाबाद। बदमाशों ने एक दिन पहले भी रेकी की थी। पीड़ित सराफ मनोज वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को भी चारों बदमाशों को शाम करीब छह बजे बैंक के पास खड़े देखा था। उस समय उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह लूट की योजना बना रहे हैं और उनकी निगरानी कर रहे हैं।बदमाशों ने पहले तय किया हुआ था कि कहां वारदात करनी है और कहां से भागना है।

पीड़ित ध्यान दें
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देंं आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# नगर पालिका के चपरासी ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

एटा उत्तर प्रदेश के एटा जनपद के थाना जलेसर क्षेत्र में नगर पालिका जलेसर में तैनात चपरासी दिनेश गोस्वामी (35 वर्ष) पुत्र कालीचरण, निवासी ब्राह्मणपुरी ने अपने घर के शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रभारी निरीक्षक जलेसर सुधीर कुमार राघव ने बताया कि दिनेश गोस्वामी वर्ष 2007 से नगर पा. लिका में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। वह जलेसर थाना क्षेत्र के ब्राह्मणपुरी मोहल्ले के निवासी थे। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह मिली, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए उन्होंने बताया कि पुलिस घटना के कारण कई जांच कर रही है प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नही हो सका है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और परिजनों व स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की जानकारी स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या दिनेश किसी मान. सिक तनाव से गुजर रहे थे या फिर भी आत्महत्या के पीछे कोई अन्य कारण है परिजनों से अलीगंज पूछताछ पर वह कोई भी आत्म हत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर सके अभी सभी संदेह के घेरे में हैं। दिनेश गोस्वामी के आत्महत्या करने की खबर से परिजन सदमे में हैं। उनके परिवार में कौन–कौन सदस्य हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, मो. हल्ले के लोगों का कहना है कि दिनेश शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। उनके इस तरह आत्महत्या करने से सभी हैरान हैं। उनके इस तरह आत्महत्या करने से सभी हैरान हैं। नगर पालिका कर्मचारियों में भी शोक नगर पालिका में उनके सहकर्मियों को जब यह खबर मिली तो वे भी स्तब्ध रह गएऔर भारी संख्या में पालिका कर्मी दिनेश के घर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि दिनेश अपने काम में ईमानदार थे और हमेशा समय पर कार्यालय आते थे। उनके साथ काम करने वाले कर्मचारी उनकी आत्महत्या से दुखी हैं।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के पीछे की असली वजह सामने आ सकेगी।

## मामूली विवाद के चलते लड़की के चाचा ने बाराती की गोली मारकर की हत्या



कासगंज।संवावदाता इंद्रपाल राजपूत कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के चाचा द्वारा मामूली विवाद के चलते एक बराती व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं पुलिस ने बराती की हत्या करने वाले आरोपी लड़की के चाचा को मय तंमचा के गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। बताया जाता है कि कासगंज जिले की कोतवाली सहावर क्षेत्र के गांव रोशन नगर निवासी रुमाल सिंह की पुत्री काजल की बीते दिवस शादी थी और काजल की बरात जनपद हाथरस के बस्तोई गांव से आई थी। जिसमें दुल्हा का रिस्तेदार अरूण भी आया हुआ था। शादी समारोह के दौरान खाना खाते समय बराती अरुण कुमार का लड़की के चाचा विजय से किसी बात को लेकर विबाद हो गया था। इस विबाद के चलते बाराती अरुण कुमार की लड़की के चाचा विजय ने अरुण की अवैध तमंचे से सर में गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं हत्या के बाद शादी समरोह में भगदड़ मच गई और खुशिया मातम के रूप में तब्दील हो चुकी थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सहावर मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं पुलिस ने लड़की के आरोपी चाचा विजय को मय तमंचे के गिरफ्तार कर लिया और आरोपी जेल भेजने की कार्यवाही की है। वहीं युवक की मौत के बाद उसके घर में मातम का माहौल छाया हुआ है। वहीं सहावर थाना प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया कि हत्या करने वाले आरोपी विजय कुमार को पुलिस ने पकड़ लिया है, और घटना में प्रयुक्त हुए तमंचे को भी बरामद कर दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी को संबधित धाराओं में जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

## फर्जी आईपीएस अधिकारी गिरफ्तार, पत्नी की दोस्त के घर दबंगई करने पहुंचा था

एटा पुलिस ने जलेसर में एक फर्जी आ. ईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति पत्नी की दोस्त के घर खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर विवाद सुलझाने पहुंचा था, लेकिन पुलिस जांच में उसकी सच्चाई सामने आ गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने अपना नाम हेमंत बुंदेला बताया। जब वह जलेसर क्षेत्र में आईपीएस अधिकारी हा. नेका रौब दिखा रहा था, तभी उसकी संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस का ध्यान गया। प्रभारी निरीक्षक जलेसर सुधीर कुमार राघव ने बताया कि जब वह नाला बाजार में टेम्पर ग्लास लगवा रहे थे, तब उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति खाकी वर्दी में लोगों को रास्ता साफ करने के लिए कह रहा था। उसकी बातचीत और आत्मविश्वास से शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने सीओ जलेसर नीतीश गर्ग को बुलाया। जब व्यक्ति से थाने में गहन पूछताछ की गई, तो उसने स्वीकार किया कि वह फर्जी आईपीएस है। पूछ. ताछ में पता चला कि आरोपी अपनी पत्नी की दोस्त के घर किसी विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस अधिकारी बनकर गया था। वहां उसने दबंगई करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से उसका भंडाफोड़ हो गया। जलेसर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, और आगे की जांच की भी जारी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि उसने पहले भी कहीं इसी तरह लोगों को ठगने या डराने की कोशिश की थी या नहीं।

## ग्रह क्लेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जनपद कासगंज संवावदाता इंद्रपाल कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र में ग्रह क्लेश के चलते एक युवक द्वारा अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं सूचना पर पहुंची युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताया जाता है कि कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव भौसोरा बुजुर्ग निवासी नवीन पुत्र नाथू सिंह का बीते दिवस अपने परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे छुब्द होकर नवीन ने बीती देर रात्रि अपने घर के बरामदे में लगे पंखे पर लटक कर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने नवीन के शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची, और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं नदरई उपनिरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण फॉरेंसिक टीम थाना पुलिस के द्वारा किया गया और मृतक के शब्द को संदेश से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है प्रथम दृष्टिक मामला गृह क्लेश प्रतीत हो रहा है।

## कासगंज : दो दिन से लापता हुए 20 वर्षीय युवक का शव कुआ में पड़ा हुआ मिला

कासगंज रू दो दिन से लापता हुए 20 वर्षीय युवक का शव कुआ में पड़ा हुआ मिला है। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भारी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने शव को कुंए से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव कुंए में डालने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।गांव चौपरा निवासी 20 वर्षीय रा. जनाथ उर्फ पन्नालाल पुत्र सूरजपाल सिंह 13 फरवरी को लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। रविवार की सुबह बनूपुरा गांव के समीप कुआं में लोगों ने एक शव का पड़ा हुआ देखा, तो सनसनी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने कुएं से शव को बाहर निकलवा कर शिनाख्त कराई, तो युवक शिनाख्त राजनाथ के रूप में हुई। शव को देखते ही मृतक के परिवार में को. हराम मच गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों का आरोप है कि राजनाथ की हत्या कर शव को कुंए में फेंक दिया है। घटना के बाद डॉग स्क्वायड फॉरेंसिक टीम एसओजी एवं थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया परिजनों की तहरीर पर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। हत्या का सही कारण जनाने के लिए शव का पा. स्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी। गांव चौपरा निवासी सूरजपाल सिंह के पांच बेटे हैं। राजनाथ तीसरे नंबर का बेटा था। इसी तरह बड़ा बेटा मुलायम सिंह छह साल पहले लापता हो गया था। उसका भी आज तक कोई अता पता नहीं चला। घटना को लेकर सूरजपाल के परिवार में को. हराम मचा हुआ है। दो बेटे गायब होने से सूरजपाल की काफी हालात खराब है। उनका रो रोकर बुरा हाल है।एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक और एसओजी टीम गांव बनूपुरा पहुंच गई। टीम ने घटना स्थल से फिंगर प्रिंट और फोटो ग्राफ और साक्ष्य एकत्रित किए। टीम ने बताया कि साक्ष्यों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा।

## कासगंज : ट्रैक्टर–ट्रॉली से कुचलकर बच्चे की मौत, हत्या का आरोप

अमांपुर : पुरानी रंजिश के चलते एक दबंग ट्रैक्टर–ट्रॉली चालक ने सात वर्षीय दलित बच्चे को कुचलकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर–ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।गाली–गलौज के बाद रौंदा मासूम कोगांव लक्ष्मीनगर निवासी हरिशचंद्र ने अमांपुर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका गांव के ही विशेष जाति के धर्मेंद्र पुत्र हेमचंद्र सिंह से विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर एक बजे धर्मेंद्र ने गाली–गलौज और जातिसूचक शब्द कहे और धमकी दी कि आज किसी भी दलित को नहीं छोड़ूंगा। इसके बाद उसने तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली मासूम अर्पित के ऊपर चढ़ा दी, जिससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कियापरिजन तुरंत उसे इलाज के लिए अमांपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर–ट्रॉली मौके पर छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्रॉली जब्त की, आरोपी की तलाश जारीपरिजन बच्चे का शव लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रैक्टर–ट्रॉली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## जलेसर, एटा खुद को आईपीएस अधिकारी . बताकर एक नटवरलाल जलेसर थाना क्षेत्र में जांच करने पहुंचा

जलेसर, एटारू खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर एक नटवरलाल जलेसर थाना क्षेत्र में जांच करने पहुंचा, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उसकी साजिश नाकाम हो गई। जलेसर थाना प्रभारी डॉ सुधीर कुमार राघव को सूचना मिली कि एक आ. ईपीएस अधिकारी क्षेत्र में किसी मामले की पड़ताल कर रहे हैं। जब वे मौके पर पहुंचे, तब संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उन्होंने उस व्यक्ति से पूछताछ की।पूछताछ में पहले खुद को आईपीएस बताया, लेकिन जब पुलिस ने गहराई से जांच की, तो सच्चाई कुछ और ही निकली। आरोपी का नाम हेमंत कुमार बुंदेला है, जो फर्जी आईपीएस बनकर अपनी महिला मित्र की मदद करने के इरादे से यहां पहुंचा था। उसके पास से आईपीएस नाम की फर्जी नेम प्लेट भी बरामद हुई।थाना प्रभारी ने तुरंत आरोपी को थाने ले जाकर पूछताछ की और मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी पहले भी इस तरह की किसी धोखाधड़ी में शामिल रहा है या नहीं।

## कासगंज के सोरों पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर एक बड़ी कार्रवाई को दिया अंजाम

कासगंज के सोरों पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। नगला मोती में चल रहे जुए के अड्डे पर छापेमारी कर 19 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 1.02 लाख रुपए की नकदी, ताश की गड्डियां, 13 मोबाइल फोन, एक स्कूटी और दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं।पुलिस के अनुसार, काफी समय से नगला मोती में जुए के अड्डे की सूचनाएं मिल रही थीं। मुखबिर की सटीक जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की योजना बनाई। कार्रवाई के दौरान स्थानीय निवासी वीरेश पुत्र सत्यवीर के घर से जुआ खेलते हुए सभी आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया।19 जुआरियों को किया गिरफ्तार।19 जुआरियों को किया गिरफ्तार। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में कुलदीप, नरेंद्र, तौफीक, पप्पू, नीरज, सर्वेश, मूलचंद्र, राजेंद्र, पन्ना, टीटू, जशवीर, नेत्रपाल, वीरेश, कुंवरपाल, राम प्रकाश, खजान सिंह, बाबू, आशीष और दुष्यंत शामिल हैं। सभी आरोपी कासगंज जिले के निवासी हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वज. निक जुआ अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की

## कासगंज: ट्रेन की हो रही थी शंटिंग, खुला रह गया फाटक तो मची अफरा–तफरी

कासगंज बरेली रेल ट्रैक मार्ग पर अमांपुर आवास विकास फाटक पर रविवार को रेलवे की बड़ी चूक देखने को मिली। जो किसी हादसे का सबब भी बन सकती थी। इधर ट्रेन की शंटिंग कराई जा रही थी तो दसरी तरफ फाटक खुला था और बस समेत कई वाहन जाम में फंसे थे। गनीमत रही कि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। करीब 20 मिनट तक अफरा–तफरी मची रही। पूरा मामला आवास विकास कॉलोनी के अमांपुर रोड पर 309 नंबर फाटक का है। रविवार की दोपहर डेढ़ से दो बजे के बीच में ट्रेन शटिंग कर कोच को जोड़ने का काम किया जा रहा था। इधर फाटक खुला होने के कारण वाहन गुजर रहे थे, इसी बीच ट्रेन फाटक से दस मीटर दूरी पर पहुंच गई। यह देखकर राहगीरों और वाहन चालको में हड़कंप मच गया।

वाहन बीच फाटक में फंस गए। लोग वाहन छोड़ कर भागने लगे। दोनों ओर से लंबा जाम लग गया। गेटमैन तत्काल लाल झंडी लेकर ट्रैक पर पहुंच गया। गनीमत रही की फाटक खुला होने के कारण ट्रेन चालक ने दस मीटर दूरी पर ही ट्रेन में इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया और बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि इस फाटक पर यह कोई पहला मामला नहीं बल्कि पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं। स्टेशन मास्टर मनोज शर्मा ने बताया कि ट्रेन शटिंग कर रही थी। फाटक खुला होने से ट्रेन को सिग्नल नहीं मिलेंगा। लिहाजा ट्रेन खुद ही रुक जाएगी। अभी तक इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है। आता है तो जांच कराई जाएंगी।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिंन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

# महाशिवरात्रि और मासिक शिवरात्रि में क्या अंतर होता है?

महाशिवरात्रि और मास शिवरात्रि को लेकर लोगों में असमंजस रहती है. लेकिन दोनों में अंतर है. सबसे खास अंतर यह है कि महाशिवरात्रि साल में एक बार और मास शिवरात्रि हर महीने पड़ती है.महाशिवरात्रि भगवान शिव के सभी पूजा–व्रत में सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जिसे फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है. इस साल महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025 को है.शिवपुराण ईशान संहिता के अनुसार, फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि। शिवलिंगतयोद्भूतरू कोटिसूर्यसमप्रभरू।। इसका अर्थ है कि, फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि आदिदेव शिव करोडों सूर्यों के समान प्रभाव वाले लिंग रूप में प्रकट हुए इसलिए महाशिव. रात्रि मनाई जाती है.वहीं मासिक शिव. रात्रि हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को होती है. ऐसे में महा. शिवरात्रि और मासिक शिवरात्रि में सबसे बड़ा अंतर यह है कि महाशिवरात्रि जहां वर्ष में एक बार होती है, वहीं मासिक शिवरात्रि हर महीने होती है. इसके अलावा भी दोनों में कुछ खास अंतर है. मासिक शिवरात्रि और महाशिवरात्रि मनाए जाने की पौराणिक कथाओं में भी अंतर है. महाशिवरात्रि को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं. जैसे इस दिन भगवान शिव ने हलाहल विष का पान किया था और इसी दिन शिव–पार्वती का मिलन हुआ था आदि.ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी पर चंद्रमा सूर्य के करीब होता है और उसी समय जीवनरूपी चंद्रमा का शिवरूपी सूर्य से योग मिलन होता है. सूर्य के पूर्णतरू उत्तरायण और ऋतु परिवर्तन का ये समय शुभ माना जाता है.वहीं मासिक शिवरात्रि से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार शिव क्रोधित हो गए थे, तब पार्वती जी ने उनकी स्तुति की और उनका क्रोध शांत किया. इसी कारण हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि मनाई जाती है.

## 300 साल में पहली बार भक्तों के बीच आएंगे ठाकुर जी

## 19 से 25 फरवरी तक भव्य महोत्सव का आयोजन

मध्य प्रदेश के खरगोन में इस साल एक ऐतिहासिक आयोजन होने वाला है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे है. यहां 300 साल में पहली बार भगवान गोपाललालजी (ठाकुरजी) भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण करेंगे. खास बात ये है कि, इस भव्य शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे. संत–महात्मा बग्घियों और वाहनों में विराजमान होकर नगरवासियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे. यह महोत्सव सात दिन तक चलेगा, जिसमें हर दिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे.बता दें कि, जिला मुख्यालय से करीब 80 ाउ दूर संतों की नगरी बड़वाह में भगवान गोपाललालजी के 300वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 19 से 25 फरवरी तक भव्य महोत्सव मनाया जाएगा. जिसको लेकर पूरे नगर को आकर्षक विद्युत सज्जा, ध्वज और बैनरों से सजाया जा रहा है. दरअसल, महंत नरहरिदास महाराज के शिष्य महंत हनुमदास महाराज के सान्निध्य में निकलने वाली शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, 10 चलित झांकियां और तीन अन्य झांकियां शामिल रहेंगी.



अलग–अलग दिन होंगे विभिन्न अनुष्ठान महंत हनुमानदास महाराज ने बताया कि, पहली बार भगवान गोपाललाल जी का नगर भ्रमण बड़वाह में होगा. स्थानीय नागेश्वर मंदिर परिसर में 7 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान होंगे. हर दिन सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक वेदपाठी पंडितों द्वारा सहस्रार्चन महाभिषेक किया जाएगा. 19 फरवरी को ध्वजारोहण, कलश स्थापना और मंडल पूजन होगा. 20 फरवरी को 1100 लीटर दूध से महाअभिषेक, 21 फरवरी को 251 किलो फूलों और 22 फरवरी को 51 हजार तुलसी दल से सहस्रार्चन होगा. रोजाना रात 8 से 12 बजे तक प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा.वहीं, 24 फरवरी को श्री गोपाल महायज्ञ होगा और भग. वान को छप्पन भोग लगाया जाएगा. श्रद्धालुओं के लिए मंदिर भक्त मंडल द्वारा प्रतिदिन शाम 6 से रात 9 बजे तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है. आखरी दिन 25 फरवरी को पूर्णाहुति और भव्य भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा. गौरतलब है कि, आयोजक को लेकर नगर के प्रमुख मार्गों को रंग–बिरंगी लाइटों, ध्वज, पताका और बैनरों से सजाया जा रहा है.

## तुलसी के पास छिपकली का दिखना किस बात का संकेत? जीवन के लिए शुभ होगा या अशुभ

सनातन धर्म में तुलसी के पौधे का विशेष महत्व है. इसके बिना घर का आंगन अधूरा सा लगता है. लोग तुलसी पूजा के साथ ही दिन की शुरुआत करते हैं. धार्मिक मान्यता है कि तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास होता है. इसके अलावा, तुलसी को लेकर तमाम मान्यताएं भी प्रचलित हैं. जैसे– तुलसी के पास छिपकली का दिखना किस बात का संकेत? जीवन में क्या दिखता है प्रभाव? तुलसी के पास छिपकली का आना शुभ है या अशुभ? तुलसी के जुड़ी कई रोचक बातें छमू18 को बता रहे हैं उन्नाव के ज्योतिषाचार्य ऋषिकांत मिश्र शास्त्री–तुलसी के पास छिपकली के दिखने का मतलबआर्थिक लाभरू ज्योतिषाचार्य के अनुसार, तुलसी के पास छिपकली का दिखना शुभ संकेत है. माना जाता है कि, यदि तुलसी के पौधे के पास छिपकली दिखाई देती तो इसका मतलब है कि धन–लाभ और समृद्धि हो सकती है.सुख–समृद्धिरू तुलसी के पास छिपकली का दिखना समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है. यह घर में सुख–समृद्धि और खुशहाली लाने वाला माना जाता है.घर में सुख–शांतिरू तुलसी के पौधे के पास छिपकली का दिखना घर में सकारात्मक ऊर्जा के बढ़ने और अच्छे समय के आगमन का प्रतीक माना जाता है.मनोकामनाएं पूरी होंगीरू अगर तुलसी पर छिपकली दिखाई दे और वह सुरक्षित रूप से चली जाए, तो इसे शुभ माना जाता है और यह संकेत करता है कि आपकी मनोक. ामनाएं पूरी होने वाली हैं.परिवार की रक्षारू कुछ संस्कृतियों में, छिपकली को बुरी शक्तियों से सुरक्षा प्रदान करने वाला माना जाता है. इसलिए, तुलसी के पास छिपकली का दिखना घर और परिवार की सुरक्षा का प्रतीक भी माना जाता है. गृह क्लेश का कारणरू ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, लेकिन यदि छिपकली बार–बार तुलसी के पौधे पर आती दिखे, तो यह घर में कलह या विवाद का संकेत हो सकता है. तुलसी की मंजरी का क्या करेंरू तुलसी में मंजरी आने का मतलब है कि जीवन में आने वाले संक. टों से निजात मिलेगी. इसके लिए तुलसी की मंजरी को लाल कपड़े में बांधकर अपने घर के उस स्थान पर रख दें, जहां आप अपना धन रखते हैं. ऐसा करने से आपके घर में मां लक्ष्मी का वास होगा.

## आत्मज्ञान की प्राप्ति कैसे हो, जानें प्रेमानंद . जी महाराज से उनके अनमोल वचन

प्रेमानंद जी महाराज एक महान संत और विचारक हैं जो जीवन का सच्चा अर्थ समझाते और बताते हैं. प्रेमानंद जी के अनमोल विचार जीवन को सुधारने और संतुलन बनाएं रखने में मार्गदर्शन करते हैं.प्रेमानंद जी महाराज से जानते हैं कि आत्मज्ञान की प्राप्ति कैसे हो सकती है, जानते हैं इस पर उनके अनमोल विचार. प्रेमानंद जी महाराज का मानना है कि जब हम भजन करते हैं तो हमारे मन में भूत का चिंतन या भविष्य की कल्पना या वर्तमान का व्यर्थ चिंतन रहता है. यह मनुष्य मन में हमेशा चलता रहेगा. जब तक जातक का मन निर्मल नहीं होगा तब तक ऐसे विकार आते रहेंगे.जब हम गुरु मंत्र जपते, भागवत ध्यान करते हैं तो मन अपने विचार फेंकता रहता है. हमें इन विचारों पर ध्यान ना देकर ना राग करना है और ही द्वेष करना है. निरंतर गुरु मंत्र का जप और ध्यान करेंगे तो मन की वृत्तियां जो काम और क्रोध ला रही हैं वह शांत हो जाएगी. इसके बाद मनुष्य के मन में केवल मंत्र और जप चलेगा. इस काम के लिए हमे किसे के आशीर्वाद की जरुरत नहीं है इसके लिए



हमें खुद प्रयत्न करना पड़ेगा. नाम, उपासना या मंत्र ये जो हमे मिला है उसमे हम तन्मय हो और बहुत जल्दी ऐसे विचारों को हम अपने मन से हटा दें. जब हमारे मन से वृत्तियां नष्ट हो जाएगी तब आनंद आएगा. ना राग करो ना द्वेष करो उदासीन रहो तो वृतियां खुद नष्ट हो जाएगी. फिर अमृतमय आनंद आएगा, फिर संसार के भोग की तरफ आपका मन नहीं भागेगा. आत्माराम पुरुष कभी भी भ्रमित नहीं होता. नाम, जप और चिंतन के द्वारा इन वृत्तियों को नष्ट कर देना चाहिए. जहां हृदय निर्मल हुआ तो आगे का रास्ता आपके लिए सरल बन जाएगा. भगवान आपके मन में प्रकाशित हो जाएंगे. इसीलिए जगत संतो को नमस्कार करें. साधना करने वाले का 10 मिनट का मनोरंजन पूरे जीवन की साधना को मिट्टी में मिला सकता है. साधना में तत्पर रहो. काम, क्रोध की भावना सबके हृदय में उत्पन्न होती है इनको साधना के द्वारा क्षीण किया जाता है, पूर्णता समाप्त नहीं होती. चिंगारी है उसको ज्वाला ना बनाएं, जीवनभर जबतक प्राण हैं शास्त्र विरुद्ध आचरण ना करें.

## होली कितना पुराना फेस्टिवल है, सबसे पहले किसने खेली रंग की होली

रंगों का त्योहार होली धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. यह हिंदू धर्म के विशेष पर्व–त्योहार में एक है. होली से एक दिन पूर्व होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन रंगवाली होली खेली जाती है. इस दिन लोग मिलजुल कर रंग खेलते हैं और एक दूसरे को रंग–गुलाल लगाते हैं. पानी के गुब्बारे और पिचकारी से भी होली खेलने का चलन है. इस साल हो. लिका दहन 13 मार्च और रंगवाली होली 14 मार्च 2025 को होगी.होली भारत के प्राचीन त्योहारों में एक है. अगर बात करें होली की उत्पत्ति या होली के इतिहास की तो कई पौराणिक कथा–कहानियों में होली का वर्णन मिलता है. आइये जानते हैं कितना पुराना है होली का इतिहास और सबसे पहले किसने खेली थी रंग. वाली होली.धरती से पहले देवलोक में खेली गई थी होलीरंगों वाली होली धरती से पहले देवलोक में खेली गई थी. होली से जुड़ी कई पौराणिक कथाओं में एक कथा भगवान शिव और विष्णु दोनों से जुड़ी है. हरिहर पुराण की कथा के अनुसार, संसार की पहली होली देवाधिदेव महादेव ने खोली थी. यह कथा प्रेम के देवता कामदेव और उनकी पत्नी रती से जुड़ी है. इस कहानी के अनुसार, शिवजी जब कैलाश पर अपनी समाधि में लीन थे.तब तारकासुर के वध के लिए कामदेव और रति ने शिव को ध्यान से जगाने के लिए नृत्य करना शुरू किया. राति और कामदेव के नृत्य से भगवान शिव की समाधि भंग हो गई, जिससे शिवजी क्रोधित हो गए और उन्होंने अपनी क्रोध की अग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया. रति ने प्रायश्चित में विलाप किया तो शिवजी को रति पर दया आ गई और उन्होंने पुनः कामदेव को जीवित कर दिया. इस खुशी में रति और कामदेव ने ब्रज मंडल में ब्रह्म भोज का आयोजन किया, जिसमें देवी–देवता भी शामिल हुए. रति ने चंदन का टीका लगाकर खुशी मनाई. कहा जाता है कि यह फाल्गुन पूर्णिमा का दिन था.होली से जुड़ी एक अन्य पौराणिक कथा हरिहर पुराण से जुड़ी है. इसके अनुसार ब्रह्म भोज में आनंद के मारे भगवान शिव ने डमरू और भगवान विष्णु ने बांसुरी बजाई. माता पार्वती ने वीणा की स्वर लहरियां छेड़ी तो वहीं देवी सरस्वती ने बसंत के रागों में गीत गाए. मान्यता है कि तभी से फाल्गुन पूर्णिमा के दिन को गीत, संगीत और रंगों के साथ होली का आनंद उत्सव मनाया जाने लगा.देवता को अर्पित करते हैं सबसे पहले रंग यही कारण है कि होली खेलने से पहले देवी–देवताओं को रंग या अबीर अर्पित करने का विधान है. होली से पूर्व हो. लिका दहन जलाई जाती है और हो. लिका दहन की राख या भस्म से शिवलिंग का अभिषेक करना भी शुभ माना जाता है. इसके बाद आप अपनी पसंदीदा रंगों के साथ रंग वाली होली खेल सकते हैं. इस प्रकार रंगों के त्योहार होली आपसी प्रेम और स्नेह को बढ़ाता है. जीवन में समृद्धि और सकारात्मकता लाता है.

## चार धाम में एक है केदारनाथ धाम की यात्रा,

केदारनाथ धाम की यात्रा हिंदू धर्म की चार प्रमुख यात्राओं में एक है. इस पूरी तीर्थ यात्रा को चारधाम यात्रा के रूप में जाना जाता है, जिसमें बाकि के तीन धाम जैसे– बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा है. यह सारे धाम गंगा नदी के किनारे बसे हैं. इसका सबसे लोकप्रिय रुट हरिद्वार से शुरू होता है और घूमकर वापस उसी जगह पर खत्म होता है. चार धाम की यात्रा में केदारनाथ धाम में भगवान शिव, बद्रीनाथ में भगवान विष्णु,गंगोत्री में मां गंगा और यमुनोत्री में माता यमुना की पूजा की जाती है.केदारनाथ धाम की यात्रा को शुभ क्यों माना जाता हैकेदारनाथ धाम की यात्रा करना इसलिए शुभ होता है क्योंकि, ऐसी मान्यता है कि इसी स्थान पर भगवान शिव ने सृष्टि की रचना की थी और परब्रह्मत्व को प्राप्त किया था. केदारनाथ मंदिर भारत के 12 ज्यो. तिलिंगो में से एक है और मान्यता के अनुसार इस पवित्र मंदिर में यात्रा करने से तीर्थयात्रियों को मोक्ष की प्राप्ति होती है. केदारनाथ धाम की यात्रा करने के से व्यक्ति को क्या शुभ लाभ होते हैजन्म मरण से मिलती है मुक्ति– हिंदू मान्यता के अनुसार, जो व्यक्ति जीवन में एक बार केदारनाथ मंदिर की यात्रा कर लेता है उसे प्रकृति के जीवन मरण के खेल से मुक्ति मिल जाती है. उस पुन गर्भ में आना नहीं पड़ता , वहीं जो मनुष्य केदारनाथ जेयोतिलिंग की भी पूजा कर वहाँ मौजूद जल पी लेता है उसका भी पुनर्जन्म नहीं होता. उसे एक ही जीवन मिलता है उसी में उच्चतम काम करता है संस्कृति के होते है दर्शन– केदारनाथ धाम की यात्रा करने से लोगों को भिन्न भिन्न संस्कृति, भाषा, भोजन के बारे में पता चलता है. यात्राओं से ही कोई मनुष्य जान सकता है कि दूसरे लोग कैसे हैं, उनके विचार कैसे हैं और वे जीवन के निर्णय किस प्रकार लेते है. यात्राएं व्यक्ति के जीवन में अलग–अलग प्रकार के रंग भर देते हैं, इसलिए यात्राएं करते रहने चाहिए.जीवन के लक्ष्य और उद्देशयों के बारे में पता चलता है– हिंदू धर्म में यात्रा करने को अधिक महत्व दिया गया है. यात्रा करने से व्यक्ति का बौद्धिक विकास ही नहीं होता बल्कि जीवन में आगे के लक्ष्य और उद्देशयों के बारे में भी पता चलता है. इससे खुद को समझना व ओर जरुरी चीजों के बारे में पता चलता है. लेकिन जो लोग जवानी में तीर्थ यात्राओं पर जाते है वे अनुभवी और परिपक्व होकर लौटते हैं जो इन्हें आगे जीवन में बहुत काम आता है. 2025 में केदारनाथ धाम की यात्रा कब शुरु होगी हिंदू धर्म के कलैंडर के अनुसार, हर साल केदारनाथ धाम के यात्रा की तारीख एक समान नहीं होती. केदारनाथ धाम की यात्रा 2025 में कब शुरू होगी, इसकी घोषणा महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी 2025 को की जाएगी.

## होलाष्टक 2025 में कब? होली किस दिन रखी जाएगी

होलाष्टक यानी होली से पहले के वो आठ दिन जिसे शुभ नहीं माना जाता है. होलाष्टक में समस्त मांगलिक कार्यों जैसे – विवाह, सगाई, मुंडन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान नहीं करना चाहिए.इस साल होलाष्टक फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक शुरू हो जाते हैं. इसका समापन होली के दिन होता है. पंचांग के अनुसार इस साल होलाष्टक 7 मार्च 2025 से शुरू हो रहे हैं. इसका समापन फाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन के दिन 13 मार्च 2025 को होगा. होलाष्टक के 8 दिन मुख्य रूप से उत्तर भारत और पंजाब के क्षेत्रों में अधिक महत्व दिया जाता है. रंगवाली होली 14 मार्च को खेली जाएगी. होलाष्टक अशुभ क्यों है ? होलाष्टक के आठ दिनों तक हिरण्यकशिपु ने भक्त प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति त्यागने के लिए तमाम तरह से प्रताड़ित किया था. लेकिन भक्त प्रह्लाद निरन्तर भगवान विष्णु की आराधना में लीन रहे. अन्ततः प्रह्लाद जी के प्राणों की रक्षा हेतु भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकशिपु का संहार कर दिया था.होलाष्टक में ग्रहों का स्वभाव उग्र हो जाता है. ऐसे में इन 8 दिनों में कोई भी शुभ कार्य करने का फल प्राप्त नहीं होता है. होलाष्टक के आठ दिनों के बीच विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, मकान–वाहन की खरीदारी आदि किसी भी शुभ कार्य की मनाही होती है. हालांकि ये आठ दिन पूजा पाठ के लिहाज से काफी शुभ माने जाते हैं. होली का डंडा कब गड़ेगा 2025 में ?हो. लिका दहन का डंडा होलाष्टक में गाड़ा जाता है. होली का डंडा भक्त प्रह्लाद और उनकी बुआ होलिका की स्मृति का प्रतीक है. इस डंडे के आसपास लकड़ी और कंडे के लगाए जाते हैं और फिर होलिका दहन के दिन इसे अग्नि दी जा